Johnson & Johnson द्वारा 10 दिसंबर 2019, आर्थिक और उपभोक्ता नीति पर उपसमिति, ओवरसाइट और रिफॉर्म पर समिति, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सुनवाई का जवाब

10 दिसंबर 2019 को, प्रतिनिधि सभा की ओवरसाइट और रिफॉर्म पर समिति की आर्थिक और उपभोक्ता नीति की उपसमिति ने "टैल्क में कार्सिनोजेन की जांच और एस्बेस्टस की पहचान के लिए सर्वोत्तम तरीकों" पर सुनवाई की। सुनवाई में सवालों और बयानों को ध्यान में रखते हुए Johnson & Johnson जनता को यह जानकारी प्रदान कर रहा है।

Johnson & Johnson यह सुनिश्चित करने के लिए कि उसका कॉस्मेटिक टैल्क सुरक्षित है परीक्षण कैसे करता है?

Johnson & Johnson परीक्षण के तरीकों के एक उद्योग में अग्रणी समुच्चय का उपयोग करता है, जिसमें वे तरीके शामिल हैं जिन्हें एफडीए ने हाल ही में "सबसे संवेदनशील उपलब्ध तकनीकों" का नाम दिया है। Johnson & Johnson अपनी प्रक्रिया के हर चरण में सतर्क रहता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसके उत्पादों में प्रयुक्त कॉस्मेटिक टैल्क एस्बेस्टस से दूषित न हो। जब आरोप पहली बार सामने आए, तो इसने कई स्वतंत्र संस्थानों, प्रयोगशालाओं और विश्वविद्यालयों से अपने टैल्क का परीक्षण करने के लिए कहा। उन संस्थानों में यूएस एफडीए, हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, एमआईटी, माउंट सिनाई अस्पताल, मैकक्रोन एसोसिएट्स और कार्डिफ विश्वविद्यालय इत्यादि शामिल हैं, और इन परीक्षणों ने पुष्टि की कि Johnson & Johnson के कॉस्मेटिक टैल्क उत्पाद एस्बेस्टस से मुक्त थे।

डॉ. विलियम लोंगो ने सुनवाई के दौरान गवाही दी। वे कौन हैं?

डॉ. लोंगो वादी के वकीलों से पैसे लेकर मुकदमे में गवाही देते हैं। उनकी प्रयोगशाला ने एस्बेस्टस की मुकदमेबाजी में वादियों के लिए गवाही देकर लाखों डॉलर कमाए हैं। डॉ. लोंगो का लगभग 95% समय अदालत में वादियों की ओर से गवाही देते गुजरता है। हालांकि, सभी अदालतों ने उनकी गवाही पर अनुकूल प्रतिक्रिया नहीं दी है। कुछ अदालतों ने कहा है कि डॉ. लोंगो के तरीके "बेकार विज्ञान" हैं, उनके अध्ययन "छद्म विज्ञान हैं", और उनकी गवाही "असहमतिपूर्ण, अविश्वसनीय और वैज्ञानिकों के किसी भी सम्मानित समुदाय द्वारा असमर्थित है।"

इससे पहले कि उन्होंने Johnson & Johnson के खिलाफ गवाही देना शुरू किया, डॉ. लोंगो ने शपथ ली कि वे कॉस्मेटिक टैल्क में एस्बेस्टस के मुद्दे से "बहुत परिचित" हैं, और यह कि कॉस्मेटिक टैल्क में एस्बेस्टस की उपस्थिति एक "शहरी किंवदंती" के अलावा और कुछ नहीं है। दूसरे शब्दों में: लोगों की इस तरह की बातचीत में कोई दम नहीं है। उन्होंने बार-बार गवाही दी कि उन्हे कॉस्मेटिक टाल्क में कोई एस्बेस्टस नहीं मिला। एक अन्य मामले में, उन्होंने गवाही दी: "हमने जांच की है। हमें कुछ भी नहीं मिला है।" अभी 2010 में ही, डॉ. लोंगो ने गवाही दी थी कि न्यूयॉर्क के अलावा अन्य स्थानों से आने वाला टैल्क "निर्दोष" है। Johnson & Johnson अपना कॉस्मेटिक टैल्क न्यूयॉर्क से भी कभी नहीं मंगाता है। अब, Johnson & Johnson के खिलाफ गवाही देने के लिए पैसे मिलने पर डॉ. लोंगो का कहना है कि उसका टैल्क एस्बेस्टस से दूषित है।

डॉ. लोंगो ने एस्बेस्टस के परीक्षण के लिए भारी तरल पृथक्करण विधि के बारे में बात की। क्या यह कोई नई तकनीक है?

नहीं, डॉ. लोंगो की गवाही का मुख्य केंद्र--भारी तरल पृथक्करण पद्धति--एक भुलावा है। यह तरीका न तो नया है और न ही यह कोई रहस्य है। यह तकनीक वैज्ञानिक समुदाय में दशकों से ज्ञात है। 1970 के दशक में, एफडीए के वैज्ञानिकों सहित स्वतंत्र विशेषज्ञों ने इस तकनीक की अविश्वसनीयता और एस्बेस्टस--क्राइसोलाइट के सबसे प्रचलित प्रकार का पता लगाने में विफलता के लिए अस्वीकार कर दिया था। *वास्तव में, दुनिया में कहीं भी किसी भी विनियामक एजेंसी ने डॉ. लोंगो की भारी तरल पृथक्करण तकनीक को नहीं अपनाया है।*

डॉ. लोंगो ने कहा कि भारी तरल पृथक्करण विधि के बिना परीक्षण नियमित रूप से टैल्क में एस्बेस्टस का पता लगाने के लिए पर्याप्त संवेदनशील नहीं है। क्या यह बात सही है?

नहीं, यह गलत है। Johnson & Johnson के विशेषज्ञ डॉ. मैथ्यू सांचेज वही चीजें देख सकते हैं जो डॉ. लोंगो देख सकते हैं। डॉ. सांचेज़ को भारी तरल पृथक्करण का *उपयोग किए बिना* Johnson बेबी पाउडर की *उन्हीं बोतलों* में *एम्फीबोल खनिज कण* भी मिले हैं। हालांकि दोनों को एक ही चीज दिख रही है, डॉ. सांचेज़ ने प्रदर्शित किया है कि वे खनिज कण एस्बेस्टस नहीं हैं। वे कुछ खनिजों की बहुत अधिक सामान्य गैर-एस्बेस्टफॉर्म किस्में हैं। संवेदनशीलता मुद्दा **नहीं** है। मुद्दा यह है कि जिस चीज का पता चल रहा है उसका सही वर्णन किया जाए।

डॉ. लोंगो ने सुनवाई में दावा किया कि Johnson & Johnson के कॉस्मेटिक टैल्क की 65% बोतलों में एस्बेस्टस मौजूद था। वे अपने द्वारा खोजे जा रहे खनिज कणों को गलत नाम दे रहे हैं। डॉ. लोंगो ने गवाही दी कि यदि उनके "परीक्षण करने वाले किसी विश्लेषक को किसी निश्चित आकार और आकृति का गैर-एस्बेस्टफॉर्म एम्फीबोल क्लीवेज टुकड़ा" दिखता है तो "विश्लेषक किसी भी हालत में उसे एस्बेस्टस संरचना मानेगा"।

डॉ. जैकलीन मोलनि ने सुनवाई में गवाही दी। वे कौन हैं?
डॉ. मोलनि वादी वकीलों से पैसे लेकर गवाही देती हैं। Johnson & Johnson के खिलाफ गवाही देने के बाद से उनकी गवाही बदल गई है। Johnson & Johnson के खिलाफ गवाही देने के लिए पैसे मलिने से पहले, डॉ. मोलीन मानती थीं कि टैल्क की बड़ी मात्राओं के संपर्क में आने वाले टैल्क खनिकों और मलिरों के अध्ययनों में यह पता नहीं चला था कि खनिकों और मलिरों को एस्बेस्टस से संबंधित रोग होने का अधिक जोखिम नहीं था, जिसमें मेसोथेलियोमा शामिल है। उन अध्ययनों से पता चला कि उन खानों में एस्बेस्टस नहीं था, जिनमें Johnson & Johnson को आपूर्ति करने वाली खानें शामिल थीं। अब, Johnson & Johnson के खिलाफ गवाही देते हुए, डॉ. मोलीन का कहना है कि वे अध्ययन अपर्याप्त थे।

डॉ. मोलीन ने कहा कि एस्बेस्टफॉर्म और गैर-एस्बेस्टफॉर्म खनिजों के बीच कोई स्वास्थ्य संबंधी अंतर नहीं हैं। क्या यह सही है?

नहीं, यह गलत है। कई सम्मानित वैज्ञानिकों ने निष्कर्ष निकाला है कि गैर-एस्बेस्टफॉर्म खनिजों की थोड़ी सी मात्राएं स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण नहीं हैं।

- OSHA एक अमेरिकी सरकारी एजेंसी है जो कार्यस्थल में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। इस एजेंसी ने 1992 में घोषणा की कि उसके एस्बेस्टस विनियम गैर-एस्बेस्टफॉर्म एम्फीबोल्स को अपवर्जित करेंगे क्योंकि "इस बात के पर्याप्त साक्ष्य नहीं हैं कि... [उनके] स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव एस्बेस्टस के समान ही हैं।"
- यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ("यूएसजीएस") कहता है कि "जब स्वास्थ्य संबंधी जोखिम की बात आती है, तो" यह "महत्वपूर्ण है कि कोई एम्फिबोल एस्बेस्टफॉर्म है या नहीं," और "उपलब्ध साक्ष्य एक निष्कर्ष का समर्थन करता है कि जो गैर-एस्बेस्टफॉर्म क्लीवेज के टुकड़ों से संपर्क से एस्बेस्टस से संबंधित बीमारी के विकास का एक उल्लेखनीय जोखिम उत्पन्न होने की संभावना नहीं है।"
- NIOSH - OSHA की वैज्ञानिक और अनुसंधान शाखा - ने समान रूप से घोषित किया है कि "गैर-एस्बेस्टीफॉर्म खनिज 'एस्बेस्टस' या 'एस्बेस्टस खनिज' नहीं हैं" और केवल "एस्बेस्टस खनिजों से तंतुओं के संपर्क" ही विश्विसनीय रूप से महामारी विज्ञान के अध्ययन में प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से जोड़ा गया है।

डॉ. रॉड मेटकाफ ने सुनवाई में गवाही दी। वे कौन हैं?

डॉ. मेटकाफ वादी वकीलों से पैसे लेकर गवाही देते हैं। वे भूविज्ञान के बारे में एक सामान्य जानकारी रखते हैं, लेकिन उनकी गवाही Johnson & Johnson के टैल्क से विशिष्ट रूप से संबंधित नहीं थी।

डॉ. मेटकाफ ने इस बारे में क्या कहा कि क्या टैल्क एस्बेस्टस से मुक्त हो सकता है?

डॉ मेटकाफ ने इस सुझाव से असहमति जताई कि "टैल्क विश्विसनीय रूप से एस्बेस्टस से मुक्त नहीं हो सकता है।" और यह स्वीकार करते समय कि टेल्क के डिपॉजिट एस्बेस्टस-मुक्त हो सकते हैं, उन्होंने Johnson & Johnson द्वारा अतीत या वर्तमान में वास्तव में प्रयुक्त की खानों के लिए कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।

J&J द्वारा उपयोग की जाने वाली खानों के बारे में स्वतंत्र वैज्ञानिकों और संगठनों ने क्या कहा है?

कई स्वतंत्र वैज्ञानिकों और संगठनों ने निष्कर्ष निकाला है कि Johnson & Johnson ने वर्मोंट और इटली में जिन खानों का इस्तेमाल किया है उनमें कोई एस्बेस्टस नहीं है। उदाहरण के लिए:

- NIOSH और हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने Johnson & Johnson की वर्मोंट टैल्क खान का मूल्यांकन किया और निष्कर्ष निकाला कि "NIOSH द्वारा विश्लेषण, जिसमें पेट्रोग्राफिक माइक्रोस्कोप विश्लेषण, ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और चरण-स्कैनिंग के लिए एक्स-रे विवर्तन शामिल थे, ने इन नमूनों में *कोई एस्बेस्टस नहीं* पाया।" उन्होंने यह भी माना कि "1900 की शुरुआत से किए जाने वाले अध्ययनों से पता चला है कि वर्मोंट टैल्क डिपॉजिट्स में *कोई एस्बेस्टस नहीं* है।"

- गवर्नमेंटल इंडस्ट्रियल हाइजीनिस्ट्स के अमेरिकी सम्मेलन (ACGIH) ने कहा कि Johnson & Johnson की वर्मोंट और इतालवी टैल्क खानों में कोई एस्बेस्टस नहीं था।

- इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (IARC) ने निष्कर्ष निकाला, "अमेरिका में कॉस्मेटिक उद्देश्यों के लिए वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले टैल्क के प्रकार में एस्बेस्टस सहित एम्फीबोल के पता लगाने योग्य स्तर नहीं हैं।"

कुछ गवाहों ने सुझाव दिया कि Johnson & Johnson के आंतरिक दस्तावेजों ने एस्बेस्टस के लिए सकारात्मक परीक्षण दिखाए। वे किस बात का जिक्र कर रहे थे?
वादी के गवाहों ने नियमित रूप से Johnson & Johnson के आंतरिक दस्तावेजों की सामग्री का दुरुपयोग किया है। कभी-कभी परीक्षण के ऐसे परिणामों का हवाला दिया जाता है जिनमें गैर-एस्बेस्टफॉर्म एम्फीबोल खनिजों का पता चला था, जो एस्बेस्टस नहीं हैं। कभी-कभी परीक्षण के परिणामों में ऐसे स्रोतों का हवाला दिया जाता है जो Johnson & Johnson के कॉस्मेटिक टैल्क उत्पादों के लिए कभी भी उपयोग नहीं किए गए थे। कई बार, परीक्षण की विधियों का मूल्यांकन करने के लिए जानबूझकर एस्बेस्टस मिलाए गए नमूनों के दस्तावेजों का हवाला दिया जाता है। और कभी-कभी ऐसे दस्तावेजों का हवाला दिया जाता है जिनमें एस्बेस्टस के पाए जाने की बात कही जाती है लेकिन वे बाद में गलत साबित हुए थे।

Johnson & Johnson के सीईओ एलेक्स गोर्स्की ने गवाही क्यों नहीं दी?

श्री गोर्स्की Johnson & Johnson के सीईओ हैं और उस भूमिका में, वे 60 देशों में कंपनी के 264 परिचालन व्यवसायों की व्यापक निगरानी के लिए जिम्मेदार हैं। जैसा कि एक बहुराष्ट्रीय कंपनी का नेतृत्व करने के लिए उम्मीद की जाती है, श्री गोर्स्की कॉस्मेटिक टैल्क उत्पादों के बारे में दिन-प्रतिदिन की निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल नहीं हैं और आवश्यक होने पर सूचित रहने के लिए वे दूसरों पर निर्भर रहते हैं। इस तरह की विशेषता और जटिलता के मुद्दे पर—टैल्क के परीक्षण के लिए सर्वोत्तम तरीके—वे नियमित रूप से वैज्ञानिकों और इस विषय के अन्य विशेषज्ञों की विशेषज्ञता पर निर्भर करते हैं।

सुनवाई उच्च तकनीकी और वैज्ञानिक मामलों से संबंधित है। उदाहरण के लिए, एक भूविज्ञानी ने भूवैज्ञानिकों को ज्ञात अत्यंत विशिष्ट शब्दों और अवधारणाओं के बारे में गवाही दी जिसमें प्रोटोलिथ्स के हाइड्रोथर्मल परिवर्तन, मेटोसोमैटिज्म, और कार्बोनेट प्रोटोलिथोलॉजी शामिल हैं।

सुनवाई के महत्व को देखते हुए, Johnson & Johnson ने दो अन्य अधिक उपयुक्त गवाहों को सुनवाई में भेजने की पेशकश की। डॉ. मैथ्यू सांचेज़ और सुश्री कैथलीन विडिमर। डॉ. सांचेज़ ने विज्ञान स्नातक की डिग्री, मास्टर ऑफ़ साइंस की डिग्री, और भूविज्ञान में पीएचडी हासिल की है। और Johnson के बेबी पाउडर के परीक्षण में उनका गहरा अनुभव है—उनकी कंपनी ने एक दशक से अधिक समय से Johnson & Johnson के टैल्क का परीक्षण किया है। कैथलीन विडिमर उत्तरी अमेरिका के उपभोक्ता उत्पादों के लिए सीधे जिम्मेदार एक वरिष्ठ कार्यकारी हैं, जिसमें Johnson का बेबी पाउडर भी शामिल है। उपसमिति ने दोनों गवाहों को अस्वीकार कर दिया।

क्या Johnson & Johnson ने कांग्रेस के साथ सहयोग किया है?
हाँ। लगभग एक वर्ष से, Johnson & Johnson ने उप-समिति के साथ सौंदर्य प्रसाधनों की सुरक्षा में सहयोग किया है, जिसमें ब्रीफिंग, लिखित प्रस्तुतियाँ और दस्तावेज प्रदान करना शामिल है। इस वर्ष की शुरुआत में, विविध प्रकार के विषयों के बारे में दस्तावेजों और जानकारी के लिए उपसमिति के अनुरोध के जवाब में—जिसमें एस्बेस्टस, एस्बेस्टस परीक्षण के तरीके, परीक्षण के परिणाम, बिक्री के आंकड़े, विपणन सामग्री, इत्यादि शामिल हैं—Johnson & Johnson ने लगभग 10,000 पृष्ठों की सामग्री प्रदान की। Johnson & Johnson ने टैल्क के परीक्षण से संबंधित सामग्री के 300,000 से अधिक अतिरिक्त पृष्ठ प्रदान करने की भी पेशकश की। Johnson & Johnson वर्तमान में सुनवाई के बाद उपसमिति के अतिरिक्त अनुरोधों का जवाब दे रहा है और उपसमिति को अतिरिक्त दस्तावेज और सामग्री प्रदान करेगा। Johnson & Johnson इन उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण सार्वजनिक नीति मुद्दों को संबोधित करने के लिए कांग्रेस के सभी सदस्यों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

क्या Johnson & Johnson ने FDA के साथ सहयोग किया है?
हाँ। Johnson & Johnson ने एफडीए के साथ रचनात्मक और सहयोगात्मक रूप से काम किया है और ऐसा करना जारी रखेगा। 16 अक्टूबर 2019 को, एफडीए ने Johnson & Johnson को पहली बार बताया कि उसे Johnson के बेबी पाउडर की एक बोतल में एस्बेस्टस का पता चला था। यह अकेली खोज पिछले 40 वर्षों के हजारों परीक्षणों के विपरीत है, जिसमें पुष्टि की गई है कि Johnson & Johnson के कॉस्मेटिक टैल्क में एस्बेस्टस नहीं है, जिसमें सितंबर 2019 तक एफडीए द्वारा निकाले गए निष्कर्ष भी शामिल हैं। फिर भी, Johnson & Johnson ने पूरी सावधानी बरतते हुए, स्वेच्छा से इस विवादग्रस्त लॉट को वापस बुला लिया।

इसके साथ ही, Johnson & Johnson ने मामले की कड़ी और गहन जाँच शुरू की। Johnson & Johnson ने वापस बुलाए गए जॉनसन के बेबी पाउडर के लॉट के ढेर सारे परीक्षणों को शीघ्रता से पूरा करने के लिए दो तृतीय-पक्षीय प्रयोगशालाओं को नियुक्त किया। जांच-पड़ताल के दौरान, दो प्रयोगशालाओं द्वारा चार अलग-अलग परीक्षण विधियों का उपयोग करके कुल 155 परीक्षण किए गए, जिनमें एफडीए द्वारा प्रयोग की गई एक ही बोतल से लिए गए नमूने, वापस बुलाए गए जॉनसन के बेबी पाउडर का लॉट, वापस बुलाए गए गए लॉट से पहले निर्मित तीन लॉट और वापस बुलाए गए लॉट के बाद निर्मित तीन लॉट शामिल थे। सभी परिणाम इस बात की पुष्टि करते हैं कि Johnson & Johnson के टैल्क में कोई एस्बेस्टस नहीं है।

Johnson & Johnson ने अपनी संपूर्ण 2,100 से अधिक पृष्ठों की जांच-पड़ताल को एफडीए के साथ साझा किया, जिसमें उन संभावित आंतरिक और बाहरी कारणों का वर्णन किया गया है जिनके परिणामस्वरूप एफडीए द्वारा पाा गया निष्कर्ष निकाला जा सकता है। इन मुद्दों में, उदाहरण के लिए, एफडीए द्वारा कराए पर ली गई प्रयोगशाला की रिपोर्ट में कालानुक्रमिक विसंगतियां शामिल हैं जो बताती हैं कि नमूना तैयार करने के दौरान क्रॉस-संदूषण हो सकता है। Johnson & Johnson को इन विसंगतियों की तह तक पहुंचने के लिए एफडीए के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद है।
सहायक दस्तावेजों तक पहुंचने के लिए, यहां क्लिक करें।